पंजाब नैशनल बैंक
...भरोसे का प्रतीक !

punjab national bank
...the name you can BANK upon !

(भारत सरकार का उपक्रम)

ए.आर.एम.बी आराः दूसरा तल्ला, रिगल होटल, आरा, बिहार–802301

अचल सम्पत्ति के बिक्री हेतु बिक्री सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6)/9(1) के प्रावधान के साथ पठित वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठण तथा प्रतिभूति हित प्रावर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना।

एतद्द्वारा सर्वसाधारण एवं विशेष रूप से उधारकर्त्ता(ओं), जमानतदार(रों) एवं बंधककर्ता(ओं) को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति जो सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी/बंधक है, जिसका रचनात्मक/भौतिक/सांकेतिक कब्जा बैंक/सुरक्षित लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, संबंधित उधारकर्त्ता(ओं), जमानतदार(रों) एवं बंधककर्ता(ओं) से बैंक/सुरक्षित लेनदार की बकाया राशि की वसूली हतु नीचे दी गई तालिका में उल्लिखित तिथि को **''जहाँ है जैसी है''**, **''जो है जैसी है''** और **''जो कुछ भी है''** के आधार पर बेची जाएगी। आरक्षित मूल्य और बयाना राशि संबंधित संपत्तियों के सामने नीचे दी गई तालिका में उल्लिखित अनुसार होगी।

सुरक्षित परिसम्पत्तियों की अनुसूची

लॉट नं.	शाखा का नाम / खाता का नाम / कर्जदार/ जमानतदार का नाम एवं पता	बंधक रखी गई अचल सम्पत्तियों का विवरण/ मालिक का नाम (सम्पत्ति(यों) का बंधककर्ता)	क) सरफेसी अधिनियम 2002 के धारा 13(2) के तहत माँग सूचना की तिथि ख) मांग सूचना के अनुसार बकाया राशि ग) सरफेसी अधिनियम 2002 के धारा 13(4) के तहत कब्जा की तिथि। घ) कब्जे का प्रकार सांकेतिक /भौतिक/रचनात्मक ङ) बिक्री सूचना के अनुसार बकाया राशि	क) आरक्षित मूल्य ख) ईएमडी ग) बोली वृद्धि राशि	ई-नीलामी की तारिख/समय	सुरक्षित लेनदारों को ज्ञात भारों का विवरण
1.	**पीएनबी-शाखाः मोकरी (114000)** **मेसर्स खुशी मिनी राइस मिल प्रोपः श्री** अजय चौहान पिता स्वर्गीय दमरी साह @ दमरी नोनिया खाता संख्याः 1140008700000562 एवं 114000IL00000106 **श्री अजय चौहान** पिता स्वर्गीय दमरि साह @ दमरी नोनिया **श्रीमती कैलाशी देवी** पति स्वर्गीय दमरी साह @ दमरी नोनिया, सभी निवासी- पूरब पोखरा, बस स्टैंड, वार्ड संख्या-25, भभुआ, पोस्ट + थाना-भभुआ, जिलाः कैमूर(भभुआ), बिहार-821101	अचल संपत्ति का सभी भाग एवं अंश जो यहाँ स्थित हैः- मौजा- भभुआ, थाना संख्या-491, पुराना वार्ड संख्या-06, नया वार्ड संख्या-25, जिला कैमूर (भभुआ), खाता संख्या-45, प्लॉट संख्या-464, क्षेत्रफल-03 डेसिमल, जिसका रजिस्टर्ड मॉर्गेज डीड संख्या-3900 दिनांक 06.08.2020 जोकि कैलाशी देवी पति स्वर्गीय दमरी नोइया के नाम पर है। चौहद्दीः उत्तर-राम अवतार हलवाई की खाली जमीन, दक्षिण-गुफेकन साह, पूर्व- 6 फीट चौड़ी गली, पश्चिम- 6 फीट चौड़ी गली	क) 18.04.2023 ख) रु. 23,94,643.50/- + दिनांक 17.04.2023 से देय अतिरिक्त ब्याज एवं अन्य शुल्क ग) 11.03.2024 घ) भौतिक ङ) रु. 35,02,134.50/- (रुपये पैंतीस लाख दो हजार एक सौ चौंतीस एवं पचास पैसे मात्र) दिनांक 31.10.2026 तक + आगे का ब्याज	क) रु. 31,76,010/- ख) रु. 3,17,601/- ग) रु. 25,000/-	03.12.2026 दोपहर 12:00 से सायं 04:00 तक	ज्ञात नहीं

नियम एवं शर्तें

बिक्री सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम 2002 में निर्धारित नियमों और शर्तें निम्नलिखित के अधीन होगी।

1. संपत्तियाँ **''जहाँ है जैसी है''** और **''जो है जैसी है''** तथा **''जो भी है जैसी है''** के आधार पर बेची जा रही है।
2. उपरोक्त अनुसूची में निर्दिष्ट सुरक्षित संपत्तियों का विवरण प्राधिकृत अधिकारी की सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार दिया गया है, लेकिन प्राधिकृत अधिकारी इस घोषणा में किसी भी त्रुटि, गलत विवरण या चूक के लिए उत्तरदयी नहीं होगा।
3. बिक्री अधोहस्ताक्षरी द्वारा वेबसाइट **https://baanknet.com** पर उपलब्ध ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से **03.12.2026 को दोपहर 12:00 बजे से सायं 04:00 बजे तक** की जाएगी।
4. बिक्री के विस्तृत नियम और शर्तों के लिए, कृपया **https://baanknet.com** और **www.pnbindia.in** देखें।

नोटः- विवाद की स्थिती में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा।

प्राधिकृत अधिकारी

घाटों की साफ-सफाई और रंग-रोगन का काम कराया जा रहा है. मोहनिया के शारदा ब्रजराज सहित सभी प्रमुख घाटों पर गोताखोरों की व्यवस्था की गयी है. इसके अलावा प्रमुख घाटों पर कंट्रोल उपलब्ध कराये गये हैं. इसके अलावा जिला स्तर पर क्विक रिस्पांस टीम का गठन किया जा रहा है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में टीम तत्काल मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई कर सके.

दौड़, लंबी कूद और जैवलिन थ्रो में विद्यार्थियों ने किया प्रतिभा का प्रदर्शन



खेलकूद प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ी व अन्य.

चांद . मानव भारती हेरिटेज स्कूल में आयोजित दो दिवसीय वार्षिक खेलोत्सव का शुक्रवार को उत्साहपूर्ण वातावरण में समापन हुआ. खेलोत्सव के दौरान विद्यार्थियों ने 50 मीटर, 100, 200 और 400 मीटर दौड़, लंबी कूद व जैवलिन थ्रो जैसी विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा, अनुशासन और खेल भावना का प्रदर्शन किया. प्रतियोगिताओं के परिणाम में 100 मीटर दौड़ में धीरज कुमार, मो कैफ व रुद्र सिंह ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया. 200 मीटर दौड़ में अदिति पांडेय, सुरुचि कुमारी व आकांक्षा गुप्ता ने बाजी मारी. 400 मीटर दौड़ में रुचि कुमारी प्रथम, खुशी कुमारी द्वितीय और माधवी तृतीय स्थान पर रहीं. इसी प्रकार जैवलिन थ्रो में सनी कुमार रंजन, विभूति नारायण व अरुणेश उपाध्याय ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया. लंबी कूद में साकिब अहमद प्रथम, सूरज कुमार द्वितीय और साजिद अंसारी तृतीय रहे. वहीं 50 मीटर दौड़ में अरुष, रुद्र कुमार व शिवांश गुप्ता ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया. प्रतियोगिताओं में हाउसवार प्रदर्शन के आधार पर पंचशील, विक्रमशिला, तक्षशिला और नालंदा हाउस के प्रतिभागियों ने अपनी खेल प्रतिभा का परिचय दिया. समापन समारोह में विद्यालय के प्राचार्य व पूर्व जिला कृषि पदाधिकारी कृपा नारायण सिंह ने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार व सम्मान प्रदान किया. उन्होंने कहा कि खेल केवल प्रतिस्पर्धा का माध्यम नहीं, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास, धैर्य, नेतृत्व क्षमता एवं सामूहिकता विकसित करने का सशक्त माध्यम है. हार और जीत से ऊपर उठकर खेल भावना के साथ भाग लेना ही वास्तविक सफलता है. कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार ने सभी प्रतिभागियों, खेल प्रशिक्षकों एवं आयोजन से जुड़े सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया.